# AH – 1374 CV-19
# B.A. Private ( Part –I)
# Term End Examination 2019-20
# Hindi Literature
# Paper – I

**Time** : Three Hours] [Maximum Marks : 75

**नोट : सभी प्रश्नो के उत्तर दीजिए।**

1. निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:

क. यह तन जालौं मसि करौं, लिखौराम का नाऊँ।
लेखनि करुँ करंक की, लिखि लिखि राम पठाऊँ ।।
चकई बिछुरी रैनि की आइ मिले परमाति।
जो नर बिछुरे राम सौ ते दिन मिले न राति।।

**अथवा**

पिऊ वियोग अस बाउर जीऊ। पपिहा निति बोले पिउ पीऊ।
अधिक काम दाधै सौ रामा । हरि लेई सुआ गएइ पिउ नामा।।
विरह बान तस , लागन डोली। रकत पसीज, भीजि गइ चोली।।
सूख हिया हार भा भारी । हरे–हरे प्रान तजहिं सब नारी।।

ख. जोग ठगौरी ब्रज न बिकै है।
यह व्यौपार तिहारो ऊधो! ऐसोई फिरि जैं हैं।।
जाकै लै आए है। हौ मधुकर ताकै उर न समहैं।
दाख छांडि कै कटुक निबौरी को अपने मुख खै है ?
सूरदास प्रभु गुनहिं छाँड़ि ,कै को निर्गुन निरबै हैं?

**अथवा**

बरनि राम गुन सीलु सभाऊ। बोले प्रेम पुलकि मुनिराऊ।।
नृप सजेऊ अभिषेक समाजू। चाहत देन तुम्हहि जुबराजू ।।
राम कबहु सब संजय आजु। जौ विधि कुसल निबैहै काजू।।
जनमें एक संग सब भाई। भोजन केलि लरिकाई।।

ग. घन आनन्द रसयेन, कहौ कृपानिधि कौन हित।
मरत पपीहा नैन , दरसौ पर बरसौ नहीं।।
पहचाने हरि कौन मो से अनपहचान को।
त्यों पुकार मधि मौन कृपा–कान मधि नैन ज्यों।।

**अथवा**

आसा–गुन बांधि के भरोसो सिल धरि छाती,
पूरे पन–सिंधू मैं न बूड़त सकाय हौं।
दुखदव हिये जारि अंतर उदेग आंच,
रोम–रोम त्रासनि निरन्तर तचाय हौं।

2. "कबीर की साखियों में गुरु महिमा का गुणगान है।"सिद्ध कीजिए कि यह आज भी प्रासंगिक है।

**अथवा**

"जायसी ने लौकिक प्रेम के माध्यम से अलौकिक प्रेम की व्यंजना की है।"सोदाहरण समझाइए।

3. 'वियोग की जितनी अन्तर्दशाएं हो सकती हैं वे सभी सूर के वियोग वर्णन में विद्यमान हैं। इस कथन की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

"राम के अनन्य भक्तों मे तुलसी अग्रणी थे" कथन की पुष्टि सोदाहरण कीजिए।

4. घनानन्द के काव्य मे प्रेम की सरस अभिव्यंजना हुई है। समझाइए।

**अथवा**

भक्तिकाल का वर्गीकरण करते हुए समझाइए।

5. किन्हीं चार बिन्दुओं पर टिप्पणी लिखिए :

क. रीतिकाल के प्रमुख लक्षण।
ख. विद्यापति व्यक्तित्व व कृतित्व।
ग. रहीम की काव्य यात्रा।
घ. रसखान की भक्ति भावना।
ङ. हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन।

6. निम्नलिखित में से किन्ही चौदह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

क. जाससी का पूरा नाम बताइए।
ख. पदमावत महाकाव्य है या खण्ड काव्य।
ग. बीजक में कितने भाग सम्मिलित है नाम लिखिए।
घ. रहीम का पूरा बताइए।
ङ. वात्सल्य रस किस कवि का प्रधान विषय रहा है?
च. विनय पत्रिका की भाषा क्या है?
छ केशवदास रीतिकाल के किस वर्ग के कवि हैं ?
ज. जायसी किस शाखा के कवि है ?
झ. 'लोकनायक' किस कवि को माना जाता है ?
ञ. 'साहित्य लहरी' कि रचनाकार कौन है ?
ट. कीर्तिलता के रचनाकार का नाम बताइए।
ठ. किसी एक अष्टछाप कवि का नाम लिखिए।
ड. पुष्टि मार्ग के संस्थापक कौन है ?
ढ. रहीम किसके दरबारी कवि थे ?
ण. घनानंद की प्रेयसी का नाम क्या था ?
त. पूर्व मध्यकाल का दूसरा नाम क्या है ?